समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

# डीडीए मे इंजीनियरों के लिए निकली बंपर वैकेंसी, सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल ब्रांच के लिए सुनहरा अवसर।

Publisher

Published on | 29 May 2025




## दिल्ली डेवलपमेटं अथॉरिटी ने जूनियर इंजीनियर सहित विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया, आवेदन प्रक्रिया जल्द होगी शुरू।

**नई दिल्ली :** अगर आप इंजीनियरिंग स्नातक हैं और सरकारी क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। **दिल्ली डेवलपमेटं अथॉरिटी (DDA)** ने **जूनियर इंजीनियर (JE)** सहित कई तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए **1383 पदों का नोटिफिकेशन** जारी किया है। यह भर्ती **सिविल, मैकेनिकल** और **इलेक्ट्रिकल ब्रांच** के युवाओं के लिए सुनहरा मौका है।

**पात्रता और योग्यता**
इन पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से **BE/B.Tech डिग्री** होनी चाहिए। संबंधित **इंजीनियरिंग शाखा मे डिग्री** धारकों को ही प्राथमिकता दी जाएगी।

**आयु सीमा**
उम्मीदवारों की **आयु 18 से 27 वर्ष** के बीच होनी चाहिए। हालांकि, आरक्षित वर्गों (**SC/ST/OBC**) को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

चयन प्रक्रिया कैसे होगी ?
१. **कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT):**
२. **विषय : जनरल अवेयरनेस, टेक्निकल नॉलेज, रीजनिंग, मैथ्स आदि।**
३. **स्किल टेस्ट :जहां आवश्यक हो, वहां कौशल परीक्षण लिया जाएगा।**

**डॉक्यूमेटं वेरिफिकेशन :**
सभी **शैक्षणिक और पहचान प्रमाण पत्रों** की जांच।

**वेतनमान और सुविधाएं**

चयनित उम्मीदवारों को पे लेवल-6 (**₹35,400 – ₹1,12,400 प्रति माह**) के अंतर्गत वेतन मिलेगा। इसके अलावा **महंगाई भत्ता (DA)**, **मकान किराया भत्ता (HRA), यात्रा भत्ता (TA)** सहित अन्य सरकारी लाभ भी प्रदान किए जाएंगे।

आवेदन प्रक्रिया स्टेप बाय स्टेप

१. **DDA की वेबसाइट** dda.gov.in पर जाएं।

२. होमपेज पर "**Recruitment**" सेक्शन में जाएं।

३. संबंधित **भर्ती नोटिफिकेशन पर क्लिक करे और निर्देश पढ़े**।

४. **खुद को रजिस्टर करे और लॉगिन करे**।

५. **आवेदन फॉर्म भरे और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करे**।

६. आवेदन **शुल्क भरकर फॉर्म सबमिट** करें।

७. **आवेदन की प्रति सेव कर ले**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: THE VIEWS/CONTENTS EXPRESSED/PRESENTED HEREIN, WITHIN THIS ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE ARE THE SOLE AND EXCLUSIVE RESPONSIBILITY OF INDIVIDUAL CLIENTS/EXPERT/THEIR AUTHORISED REPRESENTATIVE/PUBLISHER, TO WHICH EFFECT, PUBLICATION HOUSE/ITS REPRESENTATIVE/AFFILIATES ARE NOT RESPONSIBLE/LIABLE WHATSOVER.